समस्त पत्र–व्यवहार कुलसचिव को ही संबोधित किया जाये
किसी प्रकार के व्यक्तिगत नाम से नहीं। पूर्व संदर्भ यदि हो
तो ,देना आवश्यक है अन्यथा कोई कार्यवाही सभव नही होगी।

दूरभाष : 2529540,25275320
तार : यूनिव्हरसिंटी
फेक्स : 0731–2529540

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय–भवन
इन्दौर–452001

क.:सविक/"नशामुक्त भारत"/2026/745 दिनांक:– 12 OCT 2026

प्रति,

1/ प्राचार्य/प्राचार्या/संचालक/निदेशक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशा. महा /निजी अशा.महाविद्यालय/अग्रणी महाविद्यालय
जिला इन्दौर/धार/झाबुआ।

2/ विभागाध्यक्ष/निदेशक,
समस्त अध्ययनशालाऐं,
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विषय – मध्यपदेश के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में "नशामुक्त भारत" अभियान के अन्तर्गत व्यापक, चरणबद्ध एवं निरन्तर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के संबंध में।

संदर्भ:–कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल से प्राप्त पत्र कमांक 463/317/आउशि/अकादमी/2026 दिनांक–24.09.2026 के संदर्भ मे।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ के परिप्रेक्ष्य मे विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी , म.प्र. शासन, उ.शि.विभाग, भोपाल से प्राप्त संलग्न पत्रानुसार डॉ. ए.के.द्विवेदी, कार्यपरिषद् सदस्य, देअविवि, इन्दौर का माननीय मंत्री जी को संबोधित पत्र कमांक 445/ईसी/26 दि. 03.09.2026 की छायाप्रति संलग्न प्रेषित कर निर्देशानुसार "नशामुक्त भारत" अभियान के अन्तर्गत व्यापक, चरणबद्ध एवं निरन्तर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित करने हेतु समस्त महाविद्यालयों/अध्ययनशालाओं में कार्यक्रम आयोजित कर संक्षिप्त एकजाई कर अकादमी –शाखा के ई–मेल **academy-he@.mp.gov.in** पर प्रेषित कर बिन्दूवार कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

कुलसचिव

संलग्न :– संदर्भित पत्र।

पृष्ठा.कमांक:सविक/"नशामुक्त भारत"/2026/745 दिनांक :– 12 OCT 2026

1/ विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, माननीय मंत्रीजी, उ.शि.विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2/ स्टॉफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल
3/ निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपूडा भवन, भोपाल ।
4/ अध्यक्ष, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल ।
5/ अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा इन्दौर संभाग, इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6/ कुलपतिजी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, दे.अ.वि.वि.,इन्दौर।
7/ आई.टी. सेन्टर, देअविवि, इन्दौर की ओर वेब साइट पर अपलोड करने हेतु।

संकायाध्यक्ष,छात्र कल्याण

DSW
Coord NSS

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक /463/317/आउशि/अकादमी/2026 भोपाल, दिनांक 24/09/2026

प्रति,

1. कुलसचिव,
   समस्त शासकीय विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
2. सचिव,
   मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल।
3. प्राचार्य,
   समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।

कुलसचिव कार्यालय
क्रमांक 446
दिनांक 25/09/2026

विषय– मध्यप्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में "नशामुक्त भारत" अभियान के अन्तर्गत व्यापक, चरणबद्ध एवं निरन्तर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भ– विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, कार्यालय मंत्री, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष, मध्यप्रदेश शासन का जावक क्रमांक 2387 मंत्री/उशि/ तशि/ आयुष/ 2026 दिनांक 15.09.2026

---0---

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र एवं संलग्न डॉ. ए. के. द्विवेदी, कार्य परिषद सदस्य, देवी अहिल्या, विश्वविद्यालय, इन्दौर का माननीय मंत्री जी को संबोधित पत्र क्रमांक 445/ ईसी/26 दिनांक 03.09.2026 की छायाप्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर प्रेषित है।

उक्त पत्र में दिए गए निर्देशानुसार "नशामुक्त भारत" अभियान के अन्तर्गत व्यापक, चरणबद्ध एवं निरन्तर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

कुलसचिव, समस्त शासकीय विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश, सचिव, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल एवं क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त गहाविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजन का संक्षिप्त एकजाई कर अकादमिक–शाखा के ई–मेल academy-he@.mp.gov.in पर प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।

सलग्न–उपरोक्तानुसार
(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

(डॉ. दिनेश दवे)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल

पृ. क्रमांक:/464/317/आउशि/शा–अकादमी/2026 भोपाल, दिनांक 24/09/2026

प्रतिलिपि–

1. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग,मंत्रालय,भोपाल।
2. स्टॉफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
4. निज सहायक, कुलगुरू, समस्त शासकीय विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
5. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल।
6. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश ।
7. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, आई.टी. शाखा, उच्च शिक्षा संचालनालय, भोपाल। कृपया विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु।

.....की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल

कार्यालय
मंत्री
उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष, मध्यप्रदेश शासन

जावक क्रमांक 2387 मंत्री/उशि/तशि/आयुष/2026 दिनांक 15-09-26

प्रति,

आयुक्त,
उच्च शिक्षा,
सतपुड़ा भवन, भोपाल ।

डॉ. ए.के. द्विवेदी, कार्य परिषद सदस्य, देवी अहिल्या, विश्वविद्यलाय, इंदौर का माननीय मंत्री जी को संबोधित पत्र क्रमांक 445 दिनांक 03.09.2026 मूलत: संलगन है । पत्रानुसार युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के संबंध में प्रदेश के छात्र-छात्राओं को मानसिक व शारीरिक रूप से सशक्त बनाने तथा उन्हें इस सामाजिक बुराई से दूर रखने के लिए कॉलेजों में एक सकारात्मक और जागरूक वातवरण तैयार करने हेतु राज्य के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में एक व्यापक, प्रभावी और चरणबद्ध नशामुक्ति अभियान चलाने हेतु दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है ।

कृपया "निर्देशानुसार" उपरोक्त पत्र का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें

(डॉ. भरत व्यास)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी

कार्यालय
आयुक्त उच्च शिक्षा
15 SEP 2026
(डॉ. अल्पना)
आयुक्त

DR. A.K. DWIVEDI

MD, MBA, PhD, Master in Homeopathy (London)
FHCH (London), MA Yoga, MA Psychology

+91-98260-42287

drakdindore@gmail.com

Member
Ethical Committee
CCRH, Ministry of Ayush, Government of India
Member
Scientific Advisory Committee, North Eastern Ayurveda and Homeopathy Institute Shillong, Meghalaya
Ministry of Ayush, Government of India
Executive Council Member
Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore
Editor
Sehat Evam Surat
Prant Sanyojak
Malva Prant Shiksha Swasthya
Shiksha Sanskriti Utthan Nyas, New Delhi
Professor & Head
Department of Physiology & Biochemistry
SKRP Gujarati Homeopathic Medical College Indore

क्रमांक: 445 / ईसी / 26

दिनांक: 03–09–2026

प्रति,

माननीय श्री इन्दरसिंह परमार जी
मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग
मध्य प्रदेश शासन

विषयः–सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में "नशामुक्त भारत" अभियान के अन्तर्गत व्यापक, चरणबद्ध एवं निरन्तर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर निवेदन है कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा देश के युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से दूर रखने तथा एक स्वस्थ, सशक्त, जागरूक एवं "नशामुक्त भारत" के निर्माण के लिए व्यापक जन जागरूकता एवं सक्रिय जनभागीदारी का आह्वान किया गया है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान को प्रभावी एवं स्थायी स्वरूप प्रदान करने में उच्च शिक्षा संस्थानों एवं महाविद्यालयों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

युवा वर्ग देश और प्रदेश का भविष्य है। महाविद्यालयीन स्तर पर विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों के प्रति वैज्ञानिक एवं तथ्यपरक जानकारी उपलब्ध कराकर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। साथ ही, युवाओं को केवल जागरूकता कार्यक्रमों का दर्शक न बनाकर उन्हें स्वयं इस अभियान का सक्रिय सहभागी एवं संदेशवाहक बनाया जाना अधिक प्रभावी होगा।

इसी क्रम में मेरा विनम्र सुझाव है कि सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में एक समन्वित, चरणबद्ध एवं निरन्तर "नशामुक्त परिसर–नशामुक्त युवा" अभियान प्रारम्भ किया जाये। इस अभियान को प्रदेशव्यापी स्वरूप देकर मध्य प्रदेश को उच्च शिक्षा संस्थानों के माध्यम से नशा मुक्ति जागरूकता का एक अनुकरणीय मॉडल बनाया जा सकता है।

प्रस्तावित कार्ययोजना

1. प्रत्येक महाविद्यालय में अभियान समिति का गठन

प्रदेश के प्रत्येक शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय में "नशामुक्ति जागरूकता समिति" का गठन किया जाए तथा एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए, जो अभियान की गतिविधियों के समन्वय एवं संचालन की जिम्मेदारी निभाए।

निरन्तर–2

R. A.K. DWIVEDI

D, MBA, PhD, Master in Homeopathy (London)
HCH (London), MA Yoga, MA Psychology

+91-98260-42287

drakdindore@gmail.com

Member
Ethical Committee
CCRH, Ministry of Ayush, Government of India
Member
Scientific Advisory Committee, North Eastern Ayurveda and Homeopathy Institute Shillong, Meghalaya
Ministry of Ayush, Government of India
Executive Council Member
Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore
Editor
Sehat Evam Surat
Prant Sanyojak
Malva Prant Shiksha Swasthya
Shiksha Sanskriti Utthan Nyas, New Delhi
Professor & Head
Department of Physiology & Biochemistry
SKRP Gujarati Homeopathic Medical College Indore

2. विशेषज्ञों के व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम

नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों के संबंध में चिकित्सकों, मनोवैज्ञानिकों, मनोचिकित्सकों, समाजसेवियों, कानून एवं प्रशासन से जुड़े विशेषज्ञों तथा अन्य विषय–विशेषज्ञों के व्याख्यान, संवाद एवं जागरूकता सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ।

3. विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं सक्रिय सहभागिता

विद्यार्थियों को अभियान का सक्रिय भागीदार बनाते हुए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जाएँ, जैसे:–

17. वाद–विवाद प्रतियोगिता
18. निबंध एवं लेखन प्रतियोगिता
19. भाषण प्रतियोगिता
20. पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता
21. लघु फिल्म एवं वीडियो प्रतियोगिता
22. नुक्कड़ नाटक
23. जागरूकता रैली
24. सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान

इन गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश विद्यार्थियों से उनके परिवार एवं समाज तक पहुँचाया जा सकता है।

4. "नशामुक्त परिसर" का सामूहिक संकल्प

महाविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से "नशामुक्त परिसर एवं नशा मुक्ति जीवन" का संकल्प लिया जाए तथा महाविद्यालय परिसर में नशामुक्त वातावरण को प्रोत्साहित किया जाए।

5. परामर्श एवं मार्गदर्शन की व्यवस्था

नशे की समस्या से प्रभावित अथवा नशे की ओर बढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए आवश्यकतानुसार Counselling एवं Guidance की व्यवस्था की जाए। आवश्यकता होने पर उपलब्ध नशा मुक्ति, उपचार एवं पुनर्वास सेवाओं की जानकारी एवं उचित मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाए।

निरन्तर–3

R. A.K. DWIVEDI

D, MBA, PhD, Master in Homeopathy (London)
HCH (London), MA Yoga, MA Psychology

+91-98260-42287

drakaindore@gmail.com

Member
Ethical Committee
CCRH, Ministry of Ayush, Government of India
Member
Scientific Advisory Committee, North Eastern Ayurveda and Homeopathy Institute Shillong, Meghalaya
Ministry of Ayush, Government of India
Executive Council Member
Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore
Editor
Sehat Evam Surat
Prant Sanyojak
Malva Prant Shiksha Swasthya
Shiksha Sanskriti Utthan Nyas, New Delhi
Professor & Head
Department of Physiology & Biochemistry
SKRP Gujarati Homeopathic Medical College Indore

6. "Nasha Mukt Bharat Youth Ambassador" पहल

जागरूक एवं इच्छुक विद्यार्थियों को Nasha Mukt Bharat Youth Ambassador के रूप में जोड़ा जाए। ये युवा अपने महाविद्यालय, साथियों, परिवार एवं समाज में नशामुक्ति का सन्देश पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

7. शिक्षक एवं कर्मचारी सहभागिता

अभियान को केवल विद्यार्थियों तक सीमित न रखते हुए महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिससे पूरा महाविद्यालय समुदाय नशामुक्ति के संकल्प से जुड़ सके।

8. प्रदेशव्यापी समन्वित अभियान

सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को एक साझा कार्ययोजना के अन्तर्गत जोड़कर निर्धारित अवधि में "नशामुक्त युवा–नशामुक्त परिसर" प्रदेशव्यापी अभियान संचालित किया जाये। इसके लिये उच्च शिक्षा विभाग के स्तर पर आवश्यक समन्वय एवं दिशा–निर्देश जारी किये जा सकते हैं।

9. उत्कृष्ट प्रयासों का सम्मान एवं प्रोत्साहन

नशा मुक्ति अभियान में उत्कृष्ट एवं प्रभावी कार्य करने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों, नोडल अधिकारियों एवं महाविद्यालयों को प्रमाण–पत्र, प्रशस्ति–पत्र एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाए। इससे अन्य संस्थानों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

10. निरन्तर समीक्षा एवं रिपोर्टिंग व्यवस्था

अभियान को केवल किसी एक दिवस, सप्ताह अथवा विशेष अवसर तक सीमित न रखते हुए इसे निरन्तर जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम के रूप में संचालित किया जाए। प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा आयोजित गतिविधियों, सहभागिता एवं उपलब्धियों की संक्षिप्त रिपोर्ट समय–समय पर प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर इसकी समीक्षा की जाए।

प्रदेश के लिए अनुकरणीय मॉडल बनने की सम्भावना

महोदय, मेरा विश्वास है कि यदि सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को एक साझा एवं सुव्यवस्थित कार्ययोजना के अन्तर्गत इस अभियान से जोड़ा जाता है, तो उच्च शिक्षा संस्थानों के माध्यम से "नशामुक्त भारत" के राष्ट्रीय संकल्प को प्रदेश स्तर पर एक नई गति एवं प्रभावशीलता प्रदान की जा सकती है।

निरन्तर–4

R. A.K. DWIVEDI

D, MBA, PhD, Master in Homeopathy (London)
FHCH (London), MA Yoga, MA Psychology

+91-98260-42287

drakdindore@gmail.com

Member
Ethical Committee
CCRH, Ministry of Ayush, Government of India
Member
Scientific Advisory Committee, North Eastern Ayurveda and Homeopathy Institute Shillong, Meghalaya
Ministry of Ayush, Government of India
Executive Council Member
Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore
Editor
Sehat Evam Surat
Prant Sanyojak
Malva Prant Shiksha Swasthya
Shiksha Sanskriti Utthan Nyas, New Delhi
Professor & Head
Department of Physiology & Biochemistry
SKRP Gujarati Homeopathic Medical College Indore

महाविद्यालयों के माध्यम से लाखों युवाओं तक सीधे पहुँच बनाकर उन्हें जागरूक करने के साथ–साथ उन्हें "नशामुक्ति के दूत" के रूप में तैयार किया जा सकता है। इससे नशामुक्ति का संदेश विद्यार्थियों से परिवार, परिवार से समाज और समाज से पूरे प्रदेश तक व्यापक रूप से पहुँचाया जा सकता है।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त प्रस्ताव पर गम्भीरतापूर्वक विचार करते हुए सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में "नशामुक्त परिसर–नशामुक्त युवा" अभियान प्रारम्भ करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश/परिपत्र जारी करने तथा इस अभियान को संस्थागत, चरणबद्ध एवं निरन्तर स्वरूप प्रदान करने की कृपा करें।

इस महत्वपूर्ण सामाजिक एवं राष्ट्रीय अभियान के सफल क्रियान्वयन में मैं अपनी सहभागिता, मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहूँगा। आवश्यकता होने पर प्रदेश के महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र एवं विषय–विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित करने में भी अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त करना चाहूँगा।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में मध्य प्रदेश इस दिशा में एक प्रभावी एवं अनुकरणीय प्रदेशव्यापी मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

आपकी सकारात्मक पहल एवं आवश्यक कार्यवाही की अपेक्षा है।

सादर।

भवदीय

3/9/26

डॉ. ए.के. द्विवेदी
कार्यपरिषद सदस्य
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)
मोबाइल: 9826042287
Email: drakdindore@gmail.com